हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

dku live & dkunews24

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष : 01 अंक–99 : जौनपुर, मंगलवार 13 दिसम्बर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन से मथुरा दौरे की शुरुआत : सीएम योगी ने जन्मभूमि पर की पूजा

मथुरा ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने मथुरा दौरे की शुरुआत श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर ठाकुरजी के दर्शन करने के बाद की। मंगलवार की सुबह करीब 11 बजे महाविद्या रामलीला मैदान में हेलीकॉप्टर से उतरे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कार से सीधे श्रीकृष्ण जन्मभूमि पहुंचे। उन्होंने गर्भगृह में भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन किए। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी ने भागवत भवन में विधि–विधान से पूजा–अर्चना की। यहां से कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना हो गए। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ डेढ़ महीने में दूसरी बार मथुरा दौरे पर आए हैं। वे यहां सेठ बीएन पोद्दार इंटर कॉलेज में आयोजित भाजपा प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में शामिल होने आए हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री धर्मनगरी को 822 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात भी देंगे। कार्यक्रम से पहले सीएम योगी श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर पहुंचे। उन्होंने गर्भगृह में भगवान श्रीकृष्ण की पूजा–अर्चना की। भागवत भवन में श्रीराधाकृष्ण युगल सरकार की आरती उतारी। सुरक्षा में 1080 जवान मुस्तैद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सुरक्षा में 1080 जवान तैनात किए हैं। चप्पे–चप्पे पर पुलिस की मुस्तैदी के साथ ही खुफिया तंत्र भी सक्रिय है। सोमवार शाम को पुलिस लाइन में डीएम



पुलकित खरे और एसएसपी शैलेष कुमार पांडेय ने जवानों को सतर्क, सजग रहने के निर्देश दिए। एसपी सिटी मार्तंड प्रकाश सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री की सुरक्षा में पुलिस और पीएसी के जवान मुस्तैद किए गए। इसके अलावा खुफिया तंत्र भी सतर्क है। भगवामय हुई श्रीकृष्ण की नगरी योगी आदित्यनाथ के मथुरा आगमन को लेकर शहर पूरी तरह से भाजपा मय नजर आ रहा है। जगह–जगह फ्लैक्स लगवाए गए हैं तो भाजपा के झंडों से शहर को पाट दिया गया है। प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में अधिक से अधिक भीड़ जुट सके, इसके लिए महानगर भाजपा ने पूरी तैयारियां की हैं। महानगर अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने सम्मेलन में 25 हजार की भीड़ आने का दावा किया है।

## मीटर सुस्त कराने वालों को मोटे जुर्माना का करंट लगाने की तैयारी में विभाग : उपभोक्ताओं के मीटर की होगी जांच

लखनऊ ब्यूरो : बिजली चोरी के इरादे से इलेक्ट्रॉनिक एवं स्मार्ट मीटर से छेड़छाड़ कराने वालों को यह बहुत भारी पड़ने वाला है। जांच में मीटर कम यूनिट (रीडिंग) बताते पकड़ा गया तो मोटा जुर्माना लगेगा। लेसा (लखनऊ इलेक्ट्रिक सप्लाई अथॉरिटी) ने सोमवार को एसटीएफ के बिजली मीटर को धीमा करने एवं मेमोरी बदलने वाले गिरोह को पकड़ने के बाद उपभोक्ताओं के मीटर की जांच कराने का फैसला लिया है। लेसा सिस गोमती जोन के मुख्य अभियंता संजय जैन ने बताया कि बैठक में सभी अधिशासी अभियंताओं को इसके निर्देश दिए गए। उपभोक्ताओं के मीटर की जांच से पहले अधिशासी अभियंता को कार्यालय में बिलिंग का अध्ययन करते हुए विद्युत लोड एवं दर्ज हो चुकी यूनिट की समीक्षा करनी होगी। इसमें मीटर धीमा करने का अंदेशा हुआ तो जांच कराई जाएगी। उधर, मीटर धीमा करने व मेमोरी बदलने पर अंकुश के लिए निगम के निदेशक (वाणिज्य) योगेश कुमार ने मीटर बनाने वाली कंपनियों के एक्सपर्ट की बैठक बुलाई। इसमें मीटर को सुरक्षित करने के उपाय पूछे हैं। एक्सपर्ट दो दिन में सुझाव देंगे। टेट्रा हाईफ्यूरान केमिकल से काटते थे मीटर की बाडी गिरोह मीटर की बाडी काटने के लिए खास किस्म के रसायन टेट्रा हाईफ्यूरान का इस्तेमाल करता था। एसटीएफ की उपस्थिति में गिरोह के लोगों ने लेसा अभियंताओं को बताया कि सिरिंज से डाला जाने वाला यह केमिकल मीटर की बाडी को ऐसे काटता था जैसे कैंची से कागज कटता हो। बाडी कटने का कोई निशान नहीं पड़ने से मीटर में की गई छेड़छाड़ आसानी से नहीं पकड़ में आती थी। सात दिन में मांगी जांच रिपोर्ट मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के एमडी भवानी सिंह खांगारौत का कहना है कि लखनऊनिदेशक योगेश कुमार को जांच कराने के आदेश दिए गए हैं। पता लगाने को कहा गया है कि गिरोह कैसे मीटर धीमा करता था। निगम के किस अधिकारी, कर्मचारी की मिलीभगत से खेल चल रहा था। इस पर रोकथाम के उपायों के संबंध में सात दिन में रिपोर्ट मांगी है। गिरोह में शामिल बिजली कर्मियों पर हो कार्रवाई राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने मीटर से छेड़छाड़ करके बिजली कंपनियों को चपत लगाने वाले गैंग में शामिल बिजलीकर्मियों पर



कार्रवाई की मांग की है। किसी उपभोक्ता की संलिप्तता होने पर उसके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। इस संबंध में उन्होंने सोमवार को पावर कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष एम. देवराज व प्रबंध निदेशक पंकज कुमार से मुलाकात की। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कु मार वर्मा ने कहा कि प्रथमदृष्टया इसमें बिजली कंपनियों के अभियंताओं और कर्मियों की भी भूमिका नजर आ रही है। उन्होंने कहा कि एक तरफ मीटर निर्माता कंपनियां दावा करती हैं कि उनके मीटर की एमआरआई उनके ही सॉफ्टवेयर से की जा सकती है ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि अलग–अलग कंपनियों के मीटरों की चिप की एक दूसरे से अदला–बदली कैसे होती रही? उन्होंने मीटर निर्माता कंपनियों को इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति रोकने के लिए निर्माण संबंधी खामियां दूर कराने की सख्त हिदायत भी देने को कहा।

### घर से बाजार के लिए निकली महिला लापता

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : बीते 5 दिसम्बर को घर से बाजार के लिए निकली एक महिला लापता हो गई। इस संबंध में महिला के पिता ने थाना में उसकी गुमशुदगी दर्ज करवाई है।गुमशुदगी की तहरीर देते हुए बल्दीराय थाना क्षेत्र के उमापुर मजरे दुर्गापुर निवासी



बरसाती प्रजापति ने बताया कि 5 दिसम्बर समय लगभग 3 बजे उसकी पुत्री उर्मिला घर से अपने बच्चे की दवा लाने पारा बाजार की बात कहकर चली गई थी।देर रात तक भी जब वह घर वापस नहीं लौटी तो उन्होंने उसकी खोजबीन शुरू कर दी,लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पाया।थानाध्यक्ष बल्दीराय अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि गुमशुदगी की तहरीर के आधार पर पुलिस महिला की तलाश कर रही है।

## पर्यावरण संरक्षण हेतु प्लास्टिक के दुरुपयोग को समाप्त करने के लिए महासमिति ने चलाया जागरूकता अभियान

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। गोमती नगर जनकल्याण महासमिति एवं Refillable कंपनी जो प्लास्टिक के दुरुपयोग को समाप्त करने एवं Waste Management के साथ साथ स्वच्छता अभियान को प्रोत्साहित करने हेतु बहुत सस्ते मूल्य पर बसमंदपदह मेटेरियल उपलब्ध कराती है। महासमिति एवं Refillable कंपनी के पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक दिनाँक 12 दिसम्बर 2022 को महासमिति के कार्यालय 3/127, विवेक खंड, गोमती नगर में संपन्न हुई जिसमें गोमती नगर एवं लखनऊ में प्लास्टिक के दुरुपयोग को रोकने के लिए संस्था के द्वारा प्रत्येक घर एवं दुकानों को डस्टबीन प्रदान करने का महासचिव डॉ. राघवेन्द्र शुक्ला ने सुझाव दिया ताकि कंपनी द्वारा घरों से प्लास्टिक को अपने साथ ले जाया जाए और कंपनी कांच की बोतल में cleaning मेटेरियल सस्ती दरों पर उपलब्ध करवाएगी. ये अभियान शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। डॉ. राघवेन्द्र शुक्ला, महासचिव गोमती नगर जनकल्याण महासमिति ने अवगत कराया कि महासमिति और इसके सभी कार्यकर्ता निःस्वार्थ भाव से समाज सेवा



का कार्य करते हैं एवं जनजागरण कार्यक्रमों के द्वारा जनता को जागरूक करते हैं। इस बैठक में महासचिव डॉ. राघवेन्द्र शुक्ला, सचिव सी जी नायर, सचिव करनल ए. एन. पांडे, IT प्रभारी विनय कुमार जौहरी, के के पांडे एवं प्रमोद मिश्रा खंड प्रभारी, संगठन सचिव अरुण गुप्ता, सचिव घनश्याम पांडे, अतुल अग्रवाल, अजय, नंदिनी, जितेंद्र, विनोद तिवारी एवं कंपनी के लोकेश, नवीन, भास्कर व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। अभियान हेतु अतुल अग्रवाल को संयोजक नियुक्त किया गया।

## किनकी चौरी स्थित दुर्गा माता मन्दिर में भगवती जागरण व समरसता भोज का हुआ भव्य आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय गोण्डा। नगर के समीपवर्ती भट्ठा गांव निवासिनी बेटी व समाजसेवा व शिक्षा प्रसार क्षेत्र में सक्रिय गीता पाण्डेय ने अपने ससुराल किनकी चौरी में स्थित दुर्गा माता मन्दिर का सुन्दरीकरण कराकर मन्दिर परिसर में भव्य देवी– जागरण एवं भण्डारा का आयोजन कर सामाजिक समरसता का संदेश दिया है। दिल्ली के विख्यात उद्योगपति केदार नाथ पाण्डेय की पत्नी व गिकेन सीटिंग कलेक्शन की डायरेक्टर के साथ शान्ति देवी इंटर कॉलेज की संस्थापक श्रीमती पाण्डेय पिछले दो दशक से शिक्षा प्रसार के साथ गरीब असहाय कन्याओं के विवाह असहाय रोगियों के उपचार एवं सामाजिक समरसता के लिए धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजन में सक्रिय हैं। इसी क्रम में गत दिवस दिल्ली प्रवास से लौटने पर उन्हें ज्ञात हुआ कि गांव के देवी मन्दिर में छत्र नहीं लगा है तो उन्होंने देवी का छत्र स्थापित कराने के साथ मन्दिर परिसर का सुन्दरीकरण का संकल्प लेकर अपने भतीजे देवांग मिश्रा की देख रेख में कार्य कराया। नव सुसज्जित देवी मन्दिर में आयोजित वास्तुपूजा के साथ यज्ञ हवन में श्रीमती पाण्डेय के



साथ सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पूजन में हिस्सा लिया। दिन भर चले भण्डारें में चले भोजन प्रसाद के साथ शाम को अयोध्या के विख्यात भजन गायक भरत नादान द्वारा देवी जागरण किया गया। सामाजिक समरसता के कार्य में मददगार रूप में देवांग मिश्रा, सुधीर पाण्डेय, कोटेदार कैलाश,औरव पाण्डेय, उत्कर्ष मिश्र, कमलेश पांडे, मोहन पाण्डेय , अयोध्या पाण्डेय , रेखा पाण्डेय, वंदना पाण्डेय मौजूद शामिल रहे।

## निकाय चुनाव की घोषणा 15 के बाद संभव : आरक्षण का निर्धारण होने के बाद कार्यक्रम तैयार करेगा आयोग

लखनऊ ब्यूरो : प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव की तारीखों की घोषणा 15 दिसंबर के बाद की जाएगी। राज्य निर्वाचन आयोग को नगर विकास विभाग की ओर से निकायों के वार्ड, महापौर और निकाय अध्यक्षों का आरक्षण निर्धारण का इंतजार है। आयोग सूत्रों के मुताबिक नगर विकास विभाग की ओर से 14 दिसंबर तक आरक्षण का निर्धारण कर रिपोर्ट आयोग को दी जाएगी। उसके बाद आयोग दो से तीन चरणों में चुनाव कराने को लेकर मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक से चर्चा करेगा ताकि चुनाव के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हो सके। आयोग को चुनाव कार्यक्रम जारी करने में दो से तीन दिन का समय लग सकता है। आयोग के विशेष कार्याधिकारी एस.के. सिंह का कहना है कि आरक्षण निर्धारण होने के बाद आयोग को चुनाव कार्यक्रम तैयार करने और उस पर उच्च स्तरीय विचार विमर्श जारी करने के लिए पर्याप्त समय चाहिए। चुनाव संपन्न होने में भी 30 से 35 दिन का समय चाहिए। ऐसे में चुनाव की घोषणा 15 दिसंबर के बाद होने की संभावना जताई जा रही है। ताकि चुनाव टालने की नौबत नहीं आए हालांकि नगर विकास विभाग का प्रयास है कि 14 दिसंबर तक आरक्षण का निर्धारण कर दिया जाए ताकि आयोग 15 दिसंबर



तक चुनाव की अधिसूचना जारी कर दे। ताकि न्यायालय में विचाराधीन आरक्षण संबंधी याचिकाओं के चलते चुनाव टालने की नौबत नहीं आए। पंचायत चुनाव का प्रयोग अपनाया जा सकता है पंचायत चुनाव में भी आरक्षण को लेकर सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई थी। लेकिन राज्य निर्वाचन आयोग ने याचिका पर सुनवाई से पहले ही पंचायत चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी थी। अधिसूचना जारी होने के कारण सर्वोच्च न्यायालय ने याचिका को सुनने से इनकार कर दिया था।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## ऐतिहासिक गांधी भवन में 3–डी प्रोजेक्शन मैपिंग शो का लें निःशुल्क अनुभव

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर : माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिनांक 9.12.2022 को कानपुर स्थित गांधी भवन के ऐतिहासिक अग्रभाग पर प्रोजेक्शन मैपिंग शो का उद्घाटन किया।शो के बारे में जागरूकता फैलाने और स्थानीय लोगों और पर्यटकों को आकर्षित



करने के उद्देश्य से दिव्य शो 11.12.2022 से 1.01.2023 तक मुफ्त में जनता के लिए खुला रहेगा। प्रोजेक्शन मैपिंग शो बुर्ज खलीफा (दुबई), गेटवे ऑफ इंडिया (मुंबई) और दिल्ली में इंडिया गेट जैसे प्रतिष्ठित स्थानों पर प्रसिद्ध हैं। यह शो कानपुर की समृद्ध संस्कृति को पौराणिक इतिहास, इतिहास, वर्तमान इतिहास और इसके भविष्य जैसे चार पहलुओं में चित्रित करता है। इस शो में ध्रुव की पौराणिक कहानियां, ब्रह्मवर्त घाट और माता सीता की कहानी शामिल होगी। यह शो कानपुर के इतिहास के बारे में भी बताएगा क्योंकि यह उन पहले शहरों में से एक था जहां 1857 का विद्रोह तात्या टोपे, रानी लक्ष्मी बाई और नाना राव के साथ शुरू हुआ था। यह बताते हुए कि यह शो भारत की स्वतंत्रता के लिए स्वतंत्रता संग्राम पर प्रकाश डालता है। खास मौकों और त्योहारों पर प्रोजेक्शन मैपिंग शो को मौके के हिसाब से कस्टमाइज किया जाएगा जिससे नाइट टूरिज्म बढ़ेगा। यह शो लगभग आधे घंटे का प्रोडक्शन होगा जो आगंतुकों को कानपुर के जन्म और शहर से संबंधित ऐतिहासिक/पौराणिक तथ्यों से रूबरू कराता है। व्यापक दर्शकों तक पहुंचने के लिए शो में 200 दर्शकों के बैठने की क्षमता है। प्रोजेक्शन मैपिंग का उद्देश्य कानपुर के लोगों के लिए एक अंतरराष्ट्रीय मानक मनोरंजन शो बनाने के लिए ऑडियो–विजुअल तत्वों को मिलाकर छवियों का एक भौतिक भ्रम पैदा करना है।

## डी. पी. एस. कल्याणपुर में सी. बी. एस. ई. ईस्ट जोन बास्केट बॉल टूर्नामेंट शुभारंभ

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर : आज सी. बी. एस. ई. के तत्वावधान में डी. पी. एस. कल्याणपुर के विशाल खेल मैदान में बने






3 बास्केट बॉल कोर्ट में सी. बी. एस. ई. ईस्ट जोन के 48 से 50 विद्यालय का टूर्नामेंट आरंभ हुआ सी. बी. एस. ई. कमेटी द्वारा विद्यालय प्रांगण सुरक्षा, सुविधा खेल प्रशिक्षकों व बास्केट बॉल कोर्ट की उपलब्धता के आधार पर डी. पी. एस. कल्याणपुर को मेजबानी करने का अवसर प्रदान किया इस अवसर पर फ्लैग मार्च के साथ स्वस्थ प्रतियोगिता की शपथ ली गई एवं सी. बी. एस. ई. स्पोर्टस डायरेक्टर श्री मनजीत सिंह, उत्तर प्रदेश बास्केट बॉल एसोशिएशन के सेकेट्ररी श्री विक्रम सिंह जी एवं डॉ श्रीमती अर्चना निगम ने प्रतियोगिता आरंभ की घोषणा के साथ प्रतियोगिता का आरंभ हुआ विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ श्रीमती अर्चना निगम ने बताया कि विद्यालय सहर्ष इस अवसर पर अपनी जिम्मेदार भूमिका निभाएगा एवं अतिथि छात्रों व शिक्षकों के भोजन, निवास व यातायात की व्यवस्था के साथ–साथ सुरक्षित, निष्पक्ष प्रतियोगिता सम्पन्न कराएगा, विद्यालय छात्रों के बहुआयामी व्यक्तिगत छात्र केन्द्रित विकास के लिए संकल्पित है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

सत्य का सर्वश्रेष्ठ अभिनंदन यही है कि हम उसे आचरण में लायें।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## थाना मीरगंज पुलिस द्वारा 02 वारण्टी गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन मे अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक(ग्रामीण) के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी मछलीशहर जौनपुर के पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष श्री बृजेश कुमार गुप्ता के कुशल नेतृत्व मे उ0नि0 संदीप कुमार शर्मा मय हमराही का0 रामेन्द्र यादव द्वारा 02 वाराण्टी 1. विजय विश्वकर्मा पुत्र मुन्नीलाल विश्वकर्मा निवासी भटहर थाना मीरगंज जनपद जौनपुर उम्र करीब 30 वर्ष को सम्बन्धित मु0नं0 844/2017 धारा 394 भादवि थाना मीरगंज जौनपुर में व 2. कल्लू बिन्द पुत्र दुखी बिन्द निवासी चौकीकला थाना मीरगंज जनपद जौनपुर उम्र करीब 52 वर्ष को सम्बन्धित मु0नं0 144/17 धारा 323/325/504 भादवि थाना मीरगंज जौनपुर मे मा0 न्यायालय–जु0डि0 F.T.C. जनपद जौनपुर द्वारा जारी वाराण्ट में गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार वारण्टी का नाम व पता– 1. विजय विश्वकर्मा पुत्र मुन्नीलाल विश्वकर्मा निवासी भटहर थाना मीरगंज जनपद जौनपुर। 2. कल्लू बिन्द पुत्र दुखी बिन्द निवासी चौकीकला थाना मीरगंज जनपद जौनपुर। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः– 1.उ0नि0 संदीप कुमार शर्मा थाना मीरगंज, जौनपुर। 2. का0 रामेन्द्र यादव थाना मीरगंज, जौनपुर।

## थाना गौराबादशाहपुर पुलिस टीम ने धारा 323 504 भादवि0 से संबंधित 03 वारण्टियों को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध व वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी केराकत के पर्यवेक्षण एवं दिशा निर्देशन मे थाना गौराबादशाहपुर पुलिस बल द्वारा माननीय ग्राम न्यायालय केराकत जौनपुर द्वारा निर्गत वारंट 1. रामअवतार पुत्र निठूरी राम निवासी नैपुरा थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर उम्र 35 वर्ष सम्बन्धित मु0नं0 47/20 बनाम रामबृक्ष एनसीआर नं0 68/14 धारा 323/504 भादवि0 को उनके घर ग्राम नैपुरा से गिरफ्तार किया गया। तथा 2.भारत पुत्र फौजदार उम्र 36 वर्ष निवासी गजना थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर सम्वन्धित मु0न0 330/20 बनाम शिवपूजन गौतम एनसीआर नं0 192/13 धारा 323/504 भा0द0वि0 को उनके घर निशान से गिरफ्तार किया गया। तथा 3. शिवपूजन गौतम पुत्र रजई निवासी ग्राम पिलखिनी थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर उम्र 52 वर्ष सम्वन्धित मु0न0 330/20 बनाम शिवपूजन गौतम एनसीआर नं0 192/13 धारा 323/504 भा0द0वि0 को उनके घर ग्राम पिलखिनी से दिनांक 12/12/2022 को गिरफ्तार




किया गया। गिरफ्तार शुदा वारण्टियों को विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है। गिरफ्तार वारण्टियो का नाम व पता– 1.रामअवतार पुत्र निठूरी राम निवासी नैपुरा थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर उम्र 35 वर्ष 2.भारत पुत्र फौजदार निवासी गजना थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर उम्र 36 वर्ष 3.शिवपूजन गौतम पुत्र रजई निवासी ग्राम पिलखिनी थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर उम्र 52 वर्ष गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम– 1.उ0नि0 लालबहादुर सिंह थाना गौराबादाशाहपुर जौनपुर 2.उ0नि0 शिवराज सिंह यादव थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर 3.उ0नि0 मोहनलाल यादव थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर। 4.हे0का0 जीबोध यादव, का0 रामजनम यादव, का0 प्रभाकर सिंह, का0 अवनीश सोनकर थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर।

## नही खुला समय पर पोस्ट ऑफिस : बिना काम किये वापश हुए कर्मचारी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय बरईपार बाजार स्थित बाजार स्थित पोस्ट ऑफिस पर आज जब कर्मचारी पहुंचे तो पोस्ट मास्टर अवधेश तिवारी स्वयं नहीं आए थे दिन में 12 बजे तक इंतजार करने के सभी कर्मचारी और उपभोक्ता वापस चले गए। पोस्टमैन लालचंद ने बताया कि आए दिन यही हाल रहती है पोस्ट मास्टर समय से नहीं आते हैं। पोस्ट वाहक राजबहादुर ने बताया कि 2 दिसम्बर से यहां कोई लेन–देन नहीं हुआ है ना कोई रजिस्ट्री हुई है ।पोस्ट ऑफिस एजेंट हौसला तिवारी गीता सिंह रामबाबू जायसवाल रीता रीमा कृष्णानंद आदि ने बताया कि पोस्ट मास्टर के इस रवैया से हम लोग बेहद आहत हैं ।और2 तारीख से कोई भी फाइनेंशियल लेन–देन नहीं हो सका है ।आज दिन में 12 बजे तक इंतजार करने के बाद सभी लोग वापस घर चले गए ।उपभोक्ता सुनिल कुमार ने इस संबंध में जब जिलाधिकारी से फोन पर पूरी बात से अवगत कराया तो उन्होंने कहा हम मामले की जांच करवाएंगे ।यहां के पोस्टमास्टर अवधेश कुमार तिवारी से बात नहीं हो पाई उनका फोन बंद था। उप डाक अधीक्षक अशोक सिंह ने कहा मामले की जानकारी है जाच होगी।

## आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय पार्टी बनने पर एक विशाल समारोह

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर : स्वतंभ भारत के राजनीतिक इतिहास में सबसे कम समय 10 वर्ष में राष्ट्रीय पार्टी बनने वाली आम आदमी पार्टी पांच वर्षों में भारत की मुख्य राजनीतिक पार्टी बनेगी। यह वात आज पार्टी के जिला अध्यक्ष उमेश माछ ने एक कार्यक्रम में कही। पार्टी कार्यकर्ता व नेता परेडपर पार्टी के राष्ट्रीय दर्जा पाने पर खुशी का इजहार मिठाई बाँट कर कर रहे थे। अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पूर्व विधायक महेश बाल्मीकि ने कहा कि कानपुर में महापौर सहित अधिक से अधिक पार्षद जिला कर कानपुर से देश को सन्देश देना है कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला महासचिव के यी भिपाठी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष मो० घर, प्रदेशसचिव मुशीर शाहिद सिद्धि की, जिला प्रभारी अनुज शुक्ला, व्यापार प्रकोष्ठ के सचिव संदीप शुक्ला, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष योगेश दीक्षित, सच्छि मुकेश झा, कृष्णा प्रजापति, पुष्पा सिंह, सुनीता वर्मा, जयन्ती यादव, नागेन्द्र राणा, सुनील बाबू असलम मेसूरी, वसीमुद्दीन, दीव चन्द्र




मादक प्रियंका सिंह, आर. एस. राजपूत, अजीत खोटे, फजलुर्रहमान, प्रशान्त शुक्ला, अश्वनी कुमार, हरीश कुमार, मो० शोएव, शहंशाह आलम, रियाज खान, मोहित शुक्ला, सैय्यद आलम, फैजान लारी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय सत्यनाम गौ रक्षा परिषद मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा उत्तर प्रदेश में कविता कपूर को किया गया मनोनीत

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर : राष्ट्रीय सत्यनाम गौ रक्षा परिषद मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा उत्तर प्रदेश श्रीमती कविता कपूर जी को मनोनीत किया गया। वहीं संस्थापिका राष्ट्रीय अध्यक्ष शालिनी पांडे, व राष्ट्रीय संयोजक हरिप्रसाद दुबे ,राष्ट्रीय सचिव सीमा द्विवेदी तथा राष्ट्रीय प्रदेश अध्यक्ष आरती त्रिपाठी राष्ट्रीय सत्यनाम गोरक्षा परिवार के तरफ से कविता कपूर का बहुत–बहुत हार्दिक के साथ संस्था में स्वागत किया गया। कविता कपूर समाज के प्रति निस्वार्थ भाव से लगातार गरीब असहाय लोगों की सेवा करती रहती हैं जैसे किसी गरीब असहाय लोग कि जरूरतमंद चीजों को पहुंचाना गौ की सेवा करना। श्श्रीमती कविता कपूर को राष्ट्रीय सत्यनाम गौ रक्षा परिषद में जोड़ने के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय संयोजक ,राष्ट्रीय सचिव, एवं प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा फूल माला पहनाकर संस्थान में स्वागत किया गया। राष्ट्रीय सत्यनाम गौ रक्षा परिषद का मुख्य उद्देश्य गायों की सेवा व सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के गतिशील रही है आशा है कि इनकी



अनुशासित संचालन लगन को ऊंचाइयों तक ले जाएगी। कार्यक्रम में उपस्थित राजू गुप्ता , ज्योति शर्मा , शुभम् बाजपेयी, निकिता, अमित शर्मा जैसे तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे। लोगों ने श्रीमती कपूर जी को हार्दिक शुभकामनाएं व ढेर सारी बधाइयां भी दी।

## थाना महराजगंज पुलिस ने 01 वारण्टी किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियों के आपराधिक कार्य की रोकथाम एवं गिरफ्तारी, बरामदगी तथा अनावरण हेतु शेष अभियोंगों के अनावरण के अभियान के क्रम में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण तथा श्रीमान क्षेत्राधिकारी बदलापुर के कुशल पर्यवेक्षण, निर्देशन में थानाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय थाना महराजगंज जनपद जौनपुर के नेतृत्व में उ0नि0 श्री हरीशचन्द्र सिंह मय हमराह के मु0 नं0 489/22 धारा 323/504 भा0द0वि0 से सम्बन्धित वारंटी लाला उर्फ इन्द्रजीत पुत्र झगडू निवासी डंडवा थाना महराजगंज जनपद जौनपुर उम्र करीब 40 वर्ष को उसके घर से गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय रवाना किया गया। गिरफ्तार वारण्टी का नाम पता– 1.लाला उर्फ इन्द्रजीत पुत्र झगडू निवासी डंडवा थाना महराजगंज जनपद जौनपुर। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम – 1.उ0नि0 श्री शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय थानाध्यक्ष थाना महराजगंज जनपद जौनपुर । 2.उ0नि0 श्री हरीशचन्द्र सिंह चौकी प्रभारी एबीएस नगर थाना महराजगंज जनपद जौनपुर । 3.का0 अखिलेश निषाद, का0 संजय चौहान थाना महराजगंज जनपद जौनपुर।

## थाना रामपुर पुलिस ने एक एनबीडब्लू वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के अपराध एवं अपराधियों पर नियन्त्रण सम्बन्धी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ के पर्यवेक्षण में व थानाध्यक्ष रामपुर श्री दिव्य प्रकाश सिंह के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 12.12.2022 को मु0न0 390ए/013 धारा 323/498ए/304बी आईपीसी से सम्बन्धिंत एक नफर छठॅ वारंटी अभियुक्त विजयशंकर यादव पुत्र गोल्हई यादव निवासी पंचवल थाना– रामपुर, जनपद –जौनपुर को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार वारंटी का नाम व पता– 1.विजयशंकर यादव पुत्र गोल्हई यादव निवासी पंचवल थाना रामपुर, जनपद जौनपुर । गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम– 1.थानाध्यक्ष दिव्य प्रकाश सिंह थाना रामपुर, जनपद–जौनपुर। 2.उ0नि0 श्री शिवप्रकाश पाठक थाना रामपुर,जनपद–जौनपुर। 3.हे0का0 श्यामसुन्दर यादव, का0 रामानन्द यादव, का0 नीरज वर्मा, थाना रामपुर, जनपद जौनपुर।

## थाना सरपतहाँ पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय कुमार साहनी, पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे सघन अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर डॉ0 संजय कुमार के कुशल मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज श्री चोब सिंह के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 12.12.2022 को रामनगर मोड़ के पास से थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह थाना सरपतहां मय हमराह पुलिस बल द्वारा एक वांछित अभियुक्त 1. आदित्य उर्फ सचिन पुत्र अन्जेश कहार निवासी उचगाँव थाना सरपतहां जनपद जौनपुर सम्बन्धित मु0अ0सं0 204/21 धारा 363/366/376 भादवि0 व 3(2)5 एस0सी0/एस0टी0 एक्ट व 5/6 पाक्सो एक्ट थाना सरपतहां जनपद जौनपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा जा रहा है। गिरफ्तार वांछित अभियुक्त का नाम व पता– 1.आदित्य उर्फ सचिन पुत्र अन्जेश कहार निवासी उचगाँव थाना सरपतहां जनपद जौनपुर अपराध इतिहास दृ 1.मु0अ0सं0 204/21 धारा 363/366/376 भादवि0 व 3(2)5 एस0सी0/एस0टी0 एक्ट व 5/6 पाक्सो एक्ट थाना सरपतहां जनपद जौनपुर। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम– 1.संजय कुमार सिंह थानाध्यक्ष थाना सरपतहां,जौनपुर। 2.उ0नि0 अनिल कुमार सिंह थाना सरपतहां,जौनपुर। 3.हे0का0 अमित कुमार सिंह, का0 श्रीकान्त गुप्ता, म0कां0 रंजना यादव थाना सरपतहां जौनपुर।

## महिला ने खाया विशाख्त पदार्थ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर के फैजाबाद रोड स्थित गौशाला समीप बैकेट कालोनी में रविवार की देर रात परिजनों की डांट फटकार से छुब्ध होकर महिला ने घर में रखा विशाख्त पदार्थ का सेवन कर लिया हालत गंभीर देखकर परिजनों ने उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया । प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के फैजाबाद रोड स्थित गौशाला समीप बने बैंकेट कालोनी निवासी अमृता (40)पत्नी मोहन रविवार की रात घर के परिजनों की डांट फटकार से छुब्ध होकर घर में जहरिला पदार्थ का सेवन कर लिया हालत गंभीर देखकर परिजनों ने उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने इलाज के दौरान हालत गंभीर देखकर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रभारी निरिक्षक सदानंद राय ने बताया जहरीला पदार्थ का एक महिला ने सेवन किया है। तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## अवधी लोकरंग महोत्सव में लोक कलाकारों ने बिखेरा जलवा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विकासखंड स्थित अमारी गांव में सर्वांगीण विकास सेवा अकादमी के सौजन्य से संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित अवधी लोकरंग महोत्सव के दूसरे दिन अपनी लोककला के माध्यम से लोकगीत कलाकारों ने दर्शकों को गीत–संगीत से भाव विभोर कर दिया ।लखनऊ से आये हुए अनुभव सांस्कृतिक दल के लोकगायक राजेंद्र त्रिपाठी की संयुक्त प्रस्तुति जूली,रीमा के लोकनृत्य एवं लोकगायक बृजेश पांडेय लोकगीत सौरभ पाण्डेय एवं गौरव पाण्डेय ने देशभक्ति गीत पर भाव नृत्य प्रस्तुत किया ।कार्यक्रम में प्रतापगढ़ के शिल्पी पपेट ग्रुप द्वारा कठपुतली नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया ।महोत्सव में उपस्थित क्षेत्रीय कलाकारों में मो.इस्लाम,विजय कुमार,लाल चन्द शर्मा,लालता प्रसाद विश्वकर्मा,मो. नईम,बुद्धू,शैलेश दूबे,अंकित मिश्र,रमाशंकर पाण्डेय एवं आरती पाण्डेय ने लोक विधा पर आधारित गीत एवं नृत्य प्रस्तुत प्रस्तुत कर लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया ।सर्वंगीण विकास सेवा अकादमी के अध्यक्ष पं.दयाशंकर पाण्डेय एवं सचिव इन्दु प्रकाश मिश्र ने आये हुवे कलाकारों को सम्मानित करते हुये उनका उत्साहवर्धन किया ।इस दौरान भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## नाबालिग लड़की से छेड़छाड : यौन उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय तेजी बाजार थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिक लड़की के साथ छेड़छाड़ और दुराचार का प्रयास किया गया । पहले तो लड़की ने लोक लाज के डर से नहीं बताया । लेकिन बाद में अपनी मां से बताया कि पड़ोस का ही एक आदमी उसको हाथ पकड़ कर खींच रहा था और गलत जगह टच करके उसको ले जाकर आड़ में उसके साथ गलत तरीके से स्पर्श करने के बाद जबरजस्ती करने की कोशिश किया । इसकी सूचना जब मां को उसकी लड़की ने दी तो उसने अपने पिता से सारी वाक्या को बताया पहले तो अगल–बगल के लोगों ने मान मर्यादा का हवाला देकर थाने जाने से मना कर दिया लेकिन मां ने तेजी बाजार थाने में जाकर मुकदमा दर्ज कराया है । लड़की नाबालिक है । थाना अध्यक्ष संतोष कुमार पाठक का कहना है कि लड़की की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जो भी दोषी हैं उनको बख्शा नहीं जाएगा । छेड़छाड़ और यौन उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## महापौर प्रत्याशी के रूप मे संजीव वर्मा को मिल रहा समस्त कायस्थ संस्थाओं का समर्थन

पत्रकार मृत्युंजय प्रताप सिंह लखनऊ : राजधानी के हजरतगंज में स्थित रॉयल कैफे में कायस्थ संस्थानों की बैठक हुई। जिसमे समस्त कायस्थ संस्थानों ने एक स्वर में संजीव वर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष कायस्थ अखिल भारतीय चित्रांश महासभा को लखनऊ का मेयर बनाने का संकल्प लिया तथा संजीव वर्मा को माला पहनाकर उनका अभिवादन किया। दिनेश खरे ने कहा कि अगर भाजपा इन्हे टिकट देती है तो कायस्थ समाज से एक–एक वोट भाजपा के समर्थन में होगा , भाजपा की यह ऐतिहासिक जीत होगी। प्रेस वार्ता के दौरान न्यूटन सक्सेना ने संजीव वर्मा द्वारा भारतीय जनता पार्टी के लिए किए गए कार्यों को गिनाया। उन्होंने बताया कि संजीव वर्मा वर्ष 2001 से भाजपा के आजीवन सदस्य हैं। इन्होंने समाज के लिए हमेशा कार्य किया है एवं कायस्थ समाज के लगभग 6 लाख से अधिक मतदाता है। लखनऊ की कायस्थ समाज की समस्त संस्थाओं ने एकमत होकर संजीव वर्मा द्वारा किए जा रहे उत्कृ




ष्ट योगदान को दृष्टिगत रखते हुए अपनी प्रबल संस्तुति लखनऊ महापौर के पद हेतु की है। संजीव वर्मा जी को अगर भारतीय जनता पार्टी महापौर का प्रत्याशी बनाती है तो कायस्थ समाज पुनः एकमत होकर भाजपा के पक्ष में अपना मत हस्तांतरित करेगा। जिसका लाभ भाजपा को न केवल लखनऊ वरन उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों में होने वाले निकाय चुनावों में प्राप्त होगा।

## ईपीएस–95 पेंशनरों ने सरकार को दिया 1 माह का अल्टीमेटम

पत्रकार मृत्युंजय प्रताप सिंह की रिपोर्ट लखनऊ : ईपीएस 95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति की प्रांतीय सभा चारबाग बस स्टेशन में श्री आर एस गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें वक्ताओं ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले से अधिकांश पेंशनरों को न्याय नहीं मिला है, जो लाभान्वित हुए है उनके लिए सरकार ने कोई दिशा निर्देश नही जारी किये है जिससे 4 माह की निर्धारित समयावधि भी निकली जा रही है दूसरी ओर न्यूनतम पेंशन रू 7500 महीना मंहगाई भत्ता व मुफ्त चिकित्सा सुविधा की माँग पर अभी तक कोई कार्यवाही नही की गई है। प्रांतीय सभा में प्रदेश, मंडल एवं समस्त जिलों के पदाधिकारियों ने भारी ने भारी संख्या में भाग लिया, बैंगलोर में 1–2 दिसंबर को राष्ट्रीय कार्यकारिणी की संपन्न हुई बैठक में लिए गए निर्णयों से श्री सुभाष चौबे और रघुनन्दन सिंह द्वारा अवगत कराया गया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री के एस तिवारी व राष्ट्रीय सचिव श्री ओम शंकर तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय नेताओ ने सरकार को मांगे पूरी करने के लिए एक माह का समय दिया है उसके बाद देशभर में बड़ा प्रदर्शन होगा।, अपने उदबोधन में पेंशनरों को संगठित होने को कहा साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से वयोवृद्ध पेंशनरों के अनेक निगमों में छठे वेतनमान के एरियर एवं अन्य बकाया के तत्काल भुगतान के आदेश जारी करने की मांग की गयी। मुख्य समन्वयक राजीव भटनागर द्वारा बताया



गया कि सभी सांसदों को ज्ञापन देकर अनुरोध किया गया था इसलिए लोकसभा और राज्यसभा में रोज ईपीएस–95 पेंशन का मुद्दा रोज उठ रहा है। सभा को सर्वश्री पीके श्रीवास्तव, गिरेन्द्र सिंह, कृपाशंकर शुक्ला, बदन सिंह, राजेश तिवारी, कुशल पाल सिंह ,अशोक बाजपेयी, बीपी मिश्रा, आरएन द्विवेदी, उमाकांत सिंह, शमशुल हसन सिद्दीकी, आर के द्विवेदी, ओ पी शर्मा, फौजदार यादव, मो० अली, आरके मिश्रा, जय शंकर राय,,विजय सिंह,चंद्र शेखर पांडे, श्रीमती गीता वर्मा ,सुनीता सोनकर आदि ने संबोधित किया।

## विद्यार्थी को संस्कार के साथ साथ चरित्रवान ज्ञानवान एवं सामर्थ्यवान बनना चाहिए

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आर0 डी0एस0 कॉलेज ऑफ फार्मेसी कुसाँव भाऊपुर में सोमवार को आचार्य शांतनु महराज ने एक दिवसीय प्रेरणात्मक कथा में कहा की विद्यार्थियों को शिक्षा, संस्कार के साथ साथ चरित्रवान, ज्ञानवान एवं सामर्थ्य वान बनना चाहिए। उन्होंने कहा की चरित्र मानव जीवन की स्थाई निधि है। जीवन की स्थाई सफलता का आधार मनुष्य का चरित्र ही है। सेवा, दया, परोपकार, उदारता, त्याग, शिष्टाचार और सद्व्यवहार आदि चरित्र के बाह्य अंग हैं, तो सद्भाव, उत्कृष्ट चिंतन, नियमित–व्यवस्थित जीवन, शांत–गंभीर मनोदशा चरित्र के परोक्ष अंग हैं। किसी व्यक्ति के विचार इच्छाएं, आकांक्षाएं और आचरण जैसा होगा, उन्हीं के अनुरूप चरित्र का निर्माण होता है। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के चेयरमैन व पूर्व प्रमुख संदीप सिंह ने किया। कॉलेज के अध्यक्ष संजीव सिंह ने आचार्य को माल्यार्पण कर कथा की शुरू कराया ।इस मौके पर आरडीएस पीजी कॉलेज के प्रधानाचार्य, अवधेश राय, फार्मेसी कॉलेज के विभागाध्यक्ष सत्यप्रकाश मौर्या, आर डी एस नर्सीग – पैरामेडिकल के प्रधानाचार्य रविकेश शाक्य, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य रामानुज यादव, व शारदा आई टी आई के विभागाध्यक्ष अयोध्या प्रसाद राजभर आदि मौजूद।

## वाराणसी मार्ग पर टोल टैक्स का हुआ शुभारम्भ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिरकोनी ब्लॉक के समीप हौज में बने टोल प्लाजा पर टोल टैक्स की वसूली शुरू होते ही क्षेत्रीय जनता में हड़कंप मच गया। राष्ट्रीय राजमार्ग वाराणसी लखनऊ मार्ग पर हौज (सिरकोनी) में बने टोल प्लाजा पर सोमवार की सुबह 8 बजे से वाहनों से टोल टैक्स वसूली का काम शुरू हो गया। सोमवार सुबह टोल प्लाजा पर पूरे विधि–विधान के साथ थानाध्यक्ष राजाराम द्विवेदी ने पूजन अर्चन करके टोल प्लाजा का शुभारंभ किया। अचानक सुबह से शुरू हुए इस टोल प्लाजा की वसूली से सबको टैक्स देना काफी भारी लगने लगा। अभी इस प्लाजा के चालू होने की तिथि जनवरी माह में थी। लोग मानसिक रूप से जनवरी माह में तैयार थे। टोल प्लाजा के प्रबन्धक तिलक सिंह ने बताया कि टोल प्लाजा बनकर पूरी तरह तैयार हो गया था। उच्चाधिकारियों के आदेश के क्रम में सोमवार इसको चालू कर दिया गया। यह टोल प्लाजा छह लाइन का है। उन्होंने बताया कि टोल प्लाजा के 20 किमी परिधि के निजी वाहनों के लिए 315 रुपये का मासिक पास बनाया जाएगा। क्षेत्र के लोग सुविधा के लिए इस परिधि में आने वाले लोग पास की सुविधा कार्यालय में आकर प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर तमाम लोग उपस्थित रहे।

## पाली पुलिस ने शांति भंग की आशंका में 11युवकों एवं 3 महिलाओं का किया चालान

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–हरदोई : मंगलवार को पुलिस ने आपस में झगड़ रहे दो पक्षों के 14 लोगों को हिरासत में लेकर शांति भंग की धारा में कार्यवाही की है। जिनमें 11 युवक व 3 महिलाएँ शामिल हैं।पुलिस के अनुसार हिरासत में लिये गये सभी लोग कस्बा पाली के रहने वाले रंजिश के चलते दो पक्ष आपस में गाली गलौज कर रहे थे। जिसके बाद दोनों पक्ष मारपीट करने पर उतारू हो गये। मामला बढ़ता देख आसपास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर कार्यवाही की। शांति व्यवस्था भंग की आशंका में जिन 14 लोगों को गिरफ्तार किया है उनमें 11 पुरूष व 3 महिलाएँ



शामिल हैं। पुलिस ने सभी लोगों का धारा 151 सीआरपीसी के तहत चालान कर एसडीएम न्यायालय भेज दिया।

# बच्ची के अपहरण का आरोपी फरारः अस्पताल से हथकड़ी समेत भागा : चार पुलिसकर्मी निलंबित

अमरोहा ब्यूरो : पुलिस मुठभेड़ में घायल सात वर्षीय बच्ची के अपहरण का आरोपी पुलिस को चकमा देकर अस्पताल से हथकड़ी समेत फरार हो गया। घटना के बाद पुलिस के होश उड़ गए। एसपी, एसपी और सीओ ने अस्पताल पहुंचकर जांच–पड़ताल की। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने आरोपी को इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया था। उसकी सुरक्षा में एक दरोगा समेत तीन पुलिसकर्मी तैनात थे। मामले में तीनों पुलिसकर्मियों की बड़ी लापरवाही सामने आई है। वहीं एसपी ने रहरा इंस्पेक्टर समेत चार पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया है। अमरोहा के रहरा थानाक्षेत्र के गांव बांसका कलां निवासी नाजमीन पत्नी अबरार की सात वर्षीय बेटी सोफिया एक दिसंबर की दोपहर को घर के बाहर कुछ दूरी पर ठेले से चाऊमीन खरीदने के लिए घर से गई थी। लेकिन वापस नहीं लौटी। परिजनों ने धीरज नाम के एक तीस वर्षीय भिखारी पर अपहरण का शक जताया था। उसे एक व्यक्ति ने बच्ची को ले जाते हुए देखा था। पुलिस ने मामले में आरोपी धीरज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। सोमवार की देर रात मुखबिर की सूचना पर पुलिस अरावली मार्ग पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक संदिग्ध बाइक सवार व्यक्ति को रोकने का इशारा किया तो पुलिस पर फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने भी गोली चलाई। इस दौरान पैर में गोली लगने से आरोपी घायल हो गया। उसकी पहचान धीरज उर्फ अजय उर्फ इमरान खान के रूप में हुई। ये आरोपी सात वर्षीय बच्ची का अपहरण करके ले गया था। गोली लगने से घायल आरोपी को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। जिसकी सुरक्षा में रेहरा थाने में तैनात दरोगा



अनूप सिंह, सिपाही कपिल कुमार और सुनील कुमार की ड्यूटी लगाई गई थी। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने आरोपी को इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया। बताते हैं की रात करीब तीन बजे तीनों पुलिसकर्मी सो गए। तभी आरोपी धीरज उर्फ अजय उर्फ इमरान खान हथकड़ी समेत अस्पताल से फरार हो गया। आंख खुलने पर सुरक्षा में तैनात तीनों पुलिसकर्मी अचंभित रह गए। उन्होंने मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही सीओ सिटी विजय कुमार राणा मौके पर पहुंच गए। एसपी आदित्य लांग्हे और एएसपी राजीव कुमार सिंह ने भी अस्पताल पहुंच कर जांच पड़ताल की। सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों से भी पूछताछ की गई। जिसके बाद एसपी के निर्देश पर जनपद के सभी थानों की पुलिस कस्टडी से फरार आरोपी की तलाश में जुट गई। कई घंटे की छानबीन के बाद भी आरोपी का कोई पता नहीं चल सका है। एसपी ने बताया कि मामले में लापरवाही बरतने वाले रहरा इंस्पेक्टर अशोक कुमार वर्मा, दरोगा अनूप सिंह, कांस्टेबल सुनील कुमार और कपिल कुमार को निलंबित कर दिया है।

# लखनऊ में 12500 अवैध निर्माण : हाईकोर्ट ने एलडीए से मांगा जवाब : अगली सुनवाई नौ फरवरी को

लखनऊ ब्यूरो : इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने जनहित याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान बहुमंजिला इमारतों के अवैध निर्माण के मामले में एलडीए से जवाब तलब किया है। अगली सुनवाई नौ फरवरी को होगी। यह आदेश मुख्य न्यायमूर्ति राजेश बिंदल व न्यायमूर्ति रजनीश कुमार की खंडपीठ ने रिटायर्ड लेफ्टिनेंट कर्नल अशोक कुमार की याचिका समेत चार अन्य याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करते हुए दिया। याचिका में बताया गया कि राजधानी की तमाम बहुमंजिला इमारतें अवैध तरीके से बनाई गई हैं। इनमें से कुछ में स्वीकृति से ज्यादा मंजिलें बना दी गईं तो कई में अवैध निर्माण किया गया। एलडीए ने कुछ की पहचान तो की है, लेकिन आज तक एक को भी ध्वस्त नहीं किया गया। अवैध निर्माण में अधिकारियों की मिलीभगत है, लेकिन इनके खिलाफ अभी तक कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई। कोर्ट ने एलडीए से विस्तृत जवाब मांगा है। शहर में इस वक्त करीब 12,500 अवैध निर्माण हैं। इनमें अपार्टमेंट, कॉम्प्लेक्स, रो हाउसेस, प्लॉटिंग सोसाइटी शामिल हैं। शासन–प्रशासन ने समय–समय पर इन पर अंकुश लगाने के



लिए आदेश दिए, मगर हुआ कुछ नहीं। होटल लेवाना सुइट्स अग्निकांड के बाद इनकी रफ्तार और बढ़ गई। इसके लिए प्रवर्तन के इंजीनियर व अफसर जिम्मेदार हैं। आवासीय भूखंडों पर सबसे ज्यादा होटल गोमतीनगर, शहीद पथ के किनारे व गोमतीनगर विस्तार में बने हैं। एलडीए की सीलिंग के बावजूद ये इमारतें गुपचुप तरीके से बनकर तन गईं। इन पर कभी एलडीए का बुलडोजर नहीं चल सका।

## बंद पड़े मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी : छानबीन में जुटी पुलिस

प्रयागराज ब्यूरो : नैनी थाना क्षेत्र के कनैला गांव के शांतिपुरम मोहल्ले में बीती रात बंद मकान का ताला तोड़कर बदमाश ढाई लाख रुपए समेत करीब आठ लाख के सोने चांदी के आभूषण और कीमती सामान उठा ले गए। बदमाशों ने मकान में लगे खिड़की, शीशे और दरवाजे भी तोड़ दिए । पड़ोसी से हुए विवाद के बाद मकान में रहने वाले लोगों को पुलिस सोमवार की दोपहर को ही थाने उठा ले गैर थी। चोरी की घटना सुनकर मौके पर पहुंची पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर वापस लौट गई। नैनी थाना क्षेत्र के शांतिपुरम मोहल्ले में चंदौली जिले के बमोरी थाना क्षेत्र निवासी विनोद पाठक का परिवार पिछले 8 साल से मकान बनवा कर रहता है। सोमवार को उनके मकान की ऊपरी मंजिल का स्लैप डाला जाना था। उसी लिए मकान के बाहर सरिया काटा जा रहा था, जिसे लेकर पड़ोस के पड़ोसी से विवाद हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस विनोद पाठक के परिवार को थाने उठा ले गई। घर की महिलाएं बच्चों को लेकर डर की वजह से दूसरे के मकान में चली गई। रात में ही चोर मकान में घुसकर जमकर लूटपाट किए। अलमारी



तोड़कर उसमें रखा ढाई लाख रुपए, सोने का हार, झुमका, सीकरी, चार जोड़ी अंगूठी और घर का कीमती सामान उठा ले गए। सुबह विनोद पाठक की पत्नी संध्या पाठक जब मकान पर पहुंची तब घटना की जानकारी हुई। पुलिस घटनास्थल का निरीक्षण कर वापस लौट गई। इस्पेक्टर बृजेश सिंह का कहना है कि सोमवार दोपहर दोनों पक्षों में विवाद हुआ था। विनोद पाठक के परिवार अमित पांडे के मकान में घुसकर उनके पिता शीतला प्रसाद, माता चंद्र कली और पत्नी साक्षी को मारकर घायल कर दिया था। चारों एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराए गए हैं। इस मामले में विनोद पाठक के खिलाफ मामला दर्ज है । उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है पाठक पक्ष के लोग क्रश मुकदमा दर्ज कराना चाह रहे थे , जिसमें वह सफल नहीं हुए, तो आज नई कहानी बता रहे हैं।

## विकास कार्यों की जांच के दौरान दो पक्षों में मारपीट : डरकर लौटे अधिकारी

संतकबीरनगर ब्यूरो : संतकबीरनगर जिले के विकास खंड हैसर बाजार के मुंडेरा शुक्ल गांव में सोमवार को विकास कार्यों में गड़बड़ी की जांच करने पहुंचे लोकपाल मनरेगा के सामने ही गांव के दो पक्ष भिड़ गए। मारपीट होता देख वह बिना जांच किए ही वापस लौट गए। पुलिस ने दोनों पक्ष को समझाकर मामला शांत कराया। एक पक्ष के दो लोगों को अधिक चोटें आने की बात बताई जा रही है। जिले के लोकपाल पीके लाल सोमवार को मुंडेरा शुक्ल गांव निवासी राजकुमार शुक्ला की शिकायत पर मनरेगा और आवास की जांच करने पहुंचे थे। आवास से संबंधित शिकायत की जांच शिकायतकर्ता के पक्ष के लोगों के सामने जांच अधिकारी ने शुरू ही की थी कि प्रधान पक्ष के तमाम लोग वहां आ गए। जांच अधिकारी जांच कार्य कर ही रहे थे कि दोनों पक्षों के बीच कहासुनी होते–होते मारपीट होने लगी। एक दूसरे के बीच जमकर हो रही हाथापाई और मौके पर लाठी–डंडे के साथ दोनों पक्षों के लोग पहुंच गए। यह देख लोकपाल मनरेगा ने जांच को बंद कर दिया। पीके लाल ने बताया कि स्थिति को देख तत्काल एसओ धनघटा को सूचित किया और बगैर जांच कार्य पूर्ण हुए वापस लौट आया। उन्होंने बताया कि सोशल ऑडिट टीम की जांच के दौरान गांव में विकास कार्यों में अनियमितता पाए जाने की सोशल ऑडिट टीम ने अपनी जांच रिपोर्ट में उल्लेख किया है। जिस पर जांच करके कार्रवाई किए जाने की मांग गांव निवासी राजकुमार शुक्ला ने जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी और लोकपाल से की है। इसी शिकायत की जांच करने गए थे कि दो पक्षों में विवाद हो गया। एसओ जयबर्द्धन सिंह ने बताया कि इस मामले में यदि तहरीर मिलेगी तो जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# शराब और नशाखोरी एक स्वस्थ समाज में कैंसर की तरह है इस पर लगाम लगाना बहुत जरूरी –शिवपाल यादव

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। मुर्तजा अली की अध्यक्षता में 'शराब बंदी संघर्ष समिति' की कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने शिवपाल यादव विधानसभा सदस्य (विधायक) पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार से भेंट करके 'शराब बंदी संघर्ष समिति' की नवगठित कार्यकारिणी की संरक्षकता हेतु एक पत्र दिया गया जिसको शिवपाल यादव ने सहर्ष स्वीकार करते हुए मौखिक सहमति प्रदान किया। शिवपाल यादव ने कहा कि शराब और नशाखोरी एक स्वस्थ समाज में कैंसर की तरह है इस पर लगाम लगाना बहुत जरूरी है। इस मौके पर शराब बंदी संघर्ष समिति के अध्यक्ष मुर्तजा अली,महामंत्री मिर्जा इशरत



बेग वरिष्ठ सलाहकार खालिद इस्लाम , शेख अफजाल अहमद, उपाध्यक्ष बदरूल हसन आदि मौजूद रहे।

## पुलिस अधीक्षक उन्नाव से राज किशोर बाजपेई ने लगाई न्याय की गुहार

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र के गांव औराव निवासी राजकिशोर बाजपेई ने पुलिस अधीक्षक उन्नाव से न्याय की गुहार लगाई है उन्होंने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में निवेदन किया है कि प्रार्थी व उसके पुत्र अथर्व तथा पत्नी पूजा बाजपेई ने ग्राम मंगलखेड़ा में भूमि स० 716 की 6 विसुवा भूमि स्थित ग्राम मंगतखेड़ा थाना पुरवा जिला उन्नाव में खरीदने का सौदा संजय पुत्र श्यामलाल निवासी बैगाँव थाना पुरवा जिला उन्नाव व जय प्रकाश तिवारी पुत्र अयोध्या प्रसाद निवासी तौरा थाना पुरवा जिला उन्नाव के समक्ष हुआ था। 46 लाख 14 हजार में भूमि स्वामी वीरपाल सिंह पुत्र जगपाल सिंह, अजीत प्रताप सिंह पुत्र मान सिंह, उदय भान सिंह पुत्र जगपाल सिंह, ध्रुव सिंह पुत्र सुखपाल सिंह, शशि सिंह उर्फ कुन्ता पत्नी सुख सिंह पुत्र शिव प्रताप सिंह, अमर सिंह व शेर बहादुर सिंह पुत्रगण मानसिंह उर्फ रणबीर सिंह निवासी मंगतखेड़ा थाना पुरवा जिला उन्नाव से हुआ था। भूमि सं0 716 के 3 बैनामा प्रार्थी व उसकी पत्नी पुत्र उपरोक्त के हक में हुए तीसरा यानी अंतिम बैनामा 08/09/2021 को हुआ अंतिम बैनामा दिनाँक 08/09/2021 को ही उक्त विक्रेतागणो ने कहा कि आप सारा पैसा आर०टी०जी०एस० से हमारे व हमारे बताये गये लोगों के खातों में भेज दीजिए हम सभी विक्रेतागण पैसा पूरा पाने के बाद बैनामा आप के हक में कर देगें। प्रार्थी ने अपने खाते से चेक व आर0टी0जी0एस0 से 44 लाख 14 हजार रुपये का भुगतान विक्रेतागण व विक्रेतागणों के बताये गये खातो में जो विक्रेतागण के निकटतम लोगों के खाते में दिनाँक 09/09/2021 व 10/09/2021 को तथा इसके पूर्व भी भिन्न–भिन्न तारीखों में दिया गया जो पैसा बैंक ऑफ इण्डिया इंडियन ओवरसीज बैंक द्वारा भेजा गया जो शाखा बंथरा जिला लखनऊ की है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि दिनांक 09/09/2021 को ग्राम मंगतखेड़ा के दुबहरन सिंह पुत्र सुन्दर सिंह जो विक्रेतागण के परिवार के मुखिया है ने कहा कि हमारे पुत्र विजय प्रताप सिंह के हक में 6 लाख रुपये भेजिए तथा मुझे 2 लाख रुपये नकद दीजिए क्योंकि जहाँ से 6 बिसुवा जमीन पूरी होती है उसी में बाउन्ड्री वाल खड़ी करा दूंगा। जिसमें विवाद न हो विक्रेतागण द्वारा यह स्वीकार करने पर प्रार्थी ने विक्रेतागण के कहने पर दो लाख रुपये दुखहरन सिंह उपरोक्त को नकद दे दिया तथा 6 लाख रुपया विजय प्रताप के खाते में आर०टी०जी०एस० से भेज दिया। विक्रेतागण व दुखहरन सिंह ने प्रार्थी व उसके तथा पत्नी के हक में बेची गयी जमीन पर प्रार्थी के ही रुपये से दुकान बनवा ली। प्रार्थी के बार बार कहने पर न तो बैनामा शेष भूमि का कर रहे है ना ही रुपया ही वापस करने की नियत है।

# छात्रवृत्ति ऑनलाईन आवेदन की बढ़ी तिथि

जौनपुर सू.वि. : जिला पिछड़ा वर्ग अधिकारी सुरेश कुमार मौर्य ने अवगत कराया है कि प्रदेश सरकार से मान्यता प्राप्त जनपद के इण्टरमीडिएट कालेजों/उच्च शिक्षा/तकनीकी/व्यवसायिक/चिकित्सा पाठ्यक्रमों से सम्बन्धित शैक्षिक संस्थानां एवं उनमें अध्ययनरत अन्य पिछड़ा वर्ग, अनु0 जाति, अ0ज0जाति, सामान्य वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र/ छात्राओं को प्रदेश सरकार की छात्रवृत्ति योजना में ऑनलाईन आवेदन से वंचित रह गये छात्र/छात्राओं आच्छादित किये जाने हेतु उ0प्र0 शासन के द्वारा संशोधित समय–सारणी जारी की गयी है, जिसके अनुसार आवेदन से वंचित छात्रों को पुनः ऑनलाईन आवेदन का मौका प्रदान किये जाने हेतु 12 दिसम्बर, 2022 से 26 दिसम्बर, 2022 तक छात्रवृत्ति पोर्टल छात्रां हेतु खोला गया है। ऑनलाइन आवेदन के उपरांत फाइनल प्रिंटआउट निकालने से पूर्व तीन कार्यदिवसों में छात्र/छात्रा द्वारा आवेदन में की गयी कतिपय त्रुटियॉ यथा–हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट रोल नम्बर, आय जाति प्रमाण पत्र/आवेदन क्रमांक को राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र, लखनऊ द्वारा छात्रवृत्ति पोर्टल पर स्टूडेन्ट सेक्शन में प्रदर्शित किया जायेगा। छात्र छात्रवृत्ति आवेदन का फाइनल प्रिंटआउट समस्त संलग्नकों सहित 30 दिसम्बर, 2022 तक अपने शिक्षण संस्थान में प्रस्तुत करेंगे। शिक्षण संस्थान द्वारा छात्र के आवेदन पत्र में अंकित प्रविष्टियों का मिलान/परीक्षण संलग्न किये गये प्रपत्रों से करते हुए दि0 02 जनवरी, 2023 तक अपात्र छात्रों का आवेदन निरस्त एवं पात्र छात्रों का आवेदन शिक्षण संस्थान की लॉगिन से ऑनलाईन सत्यापित एवं अग्रसारित करेंगे। छात्र/छात्राओं द्वारा ऑनलाईन आवेदन में भरे गये समस्त डाटा का परीक्षण राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र, लखनऊ द्वारा करते हुए संदेहास्पद डाटा को कारणों सहित छात्र/छात्राओं के लॉगिन पर प्रदर्शित किया जायेगा, जिसके सापेक्ष त्रुटियों को छात्र द्वारा ऑनलाईन संशोधित किये जाने के उपरांत संशोधित हार्डकापी 19 जनवरी, 2023 से 27 जनवरी, 2023 तक अपने संस्थान में पुनः जमा की जायेगी, जिसे सम्बन्धित शिक्षण संस्थान परीक्षण करते हुए दि0 27 जनवरी, 2023 तक ऑनलाईन सत्यापित/अग्रसारित करेंगे तथा छात्र द्वारा प्रस्तुत किये गये संशोधित विवरण/अभिलेखों को वर्गवार कल्याण सेक्टर के सम्बन्धित जिला स्तरीय कार्यालयों में दि0 02 फरवरी, 2023 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

# जिलाधिकारी द्वारा विकास भवन के सभागार में हर घर नल जल कार्य प्रगति की समीक्षा बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा विकास भवन के सभागार में हर घर नल जल कार्य की प्रगति की समीक्षा की।बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि जो भी सामग्री प्रयोग में लाई जा रही हो गुणवत्तापूर्ण हो, जिन कार्यों में थर्ड पार्टी के द्वारा अब ऑब्जेक्शन लगाया गया है उसका भुगतान किसी भी दशा में न हो। वेलस्पन कंपनी के द्वारा बताया गया कि प्रतिदिन 260 कनेक्शन दिया जा रहा है जिस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए एक्सईएन जल निगम राजेश गुप्ता को कंपनी के ऊपर एफ आई आर दर्ज कराए जाने के निर्देश दिए गए। पूर्व में कई बार निर्देश देने के बावजूद भी प्रगति नही हुई। उन्होंने कहा कि कनेक्शन की संख्या बढ़ाई जाए। दिए जाने वाले कनेक्शन का टीम लगाकर सत्यापन कराए जाने के निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिए गए। वेलस्पन एवं एफकॉन के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया कि जिन जिन जगहो पर कार्य चल रहा है वहां पर निरीक्षण रजिस्टर अनिवार्य रूप



से रखें। जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी घर छूटना नहीं चाहिए। समस्त जेई को निर्देशित किया कि जल जीवन सर्वेक्षण के बिंदु का अध्ययन अवश्य करलें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, जिला विकास अधिकारी बी बी सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आर डी यादव, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित अन्य उपस्थित रहे।

# 14 दिसम्बर 2022 को तिलकधारी सिंह इण्टर कालेज में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम

जौनपुर सू.वि. : अपर जिलाधिकारी वि0/रा0/उप जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय ने समस्त निर्वाचन/सहायक निर्वाचन अधिकारी नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन–2022 अवगत कराया है कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन–2022 हेतु निर्वाचन अधिकारी/सहायक निर्वाचन अधिकारी की नियुक्ति की गयी है। नगरीय निकास सामान्य निर्वाचन–2022 सम्पन्न कराये जाने की कार्यवाही तीव्र गति से चल रही है, जिसके दृष्टिगत आप लोगो का एक प्रशिक्षण कार्यक्रम 14 दिसम्बर 2022 को तिलकधारी सिंह इण्टर कालेज जौनपुर के मारकण्डेय हाल में अपरान्ह् 02.00 बजे से 05.00 बजे तक आयोजित किया गया है। आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में ससमय प्रतिभाग करे।

# चार दिन बीत जाने के बाद भी नही आई जांच टीम

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : धर्मापुर बिकास खण्ड के सखैला कम्पोजिट विद्यालय पर चार दिन पूर्व गांव की रहने वाली छात्रा रागिनी पकौड़ी बनाते समय कड़ाही के गर्म तेल से जल गई थी जब इस बात की जानकारी परिजनों को हुई तो परिजनों ने विद्यालय पर पहुंच कर हंगामा किया और उच्चाधिकारियों को फोन से अवगत कराया जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरख नाथ पटेल ने इस मामले की जांच खण्ड शिक्षाधिकारी धर्मापुर अरबिंद यादव को दी गई मगर चार दिन का दिन बीत जाने के बाद भी कोई जांच टीम या जांच कर्ता विद्यालय नही पहुंचा वही छात्रा के परिजनों ने उक्त मामले में कार्यवाही के लिए उच्चाधिकारियों से गुहार लगाई है । इस बाबत पूछे जाने पर खण्ड शिक्षाधिकारी अरबिंद यादव ने बताया कि प्रधानाध्यापिका से आख्या मांगी गई है आज परीक्षा के चलते जा नही पाए है उचित कार्यवाही होगी।

## कूड़ा वाहन को बीडीओ ने दिखाई हरी झंडी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्वच्छ भारत मिशन के तहत शाहगंज ब्लाक में पांच हजार से अधिक आबादी वाले चयनित गांवों में ई–रिक्शा से ठोस व तरल कचरा अपशिष्ट उठाने का काम शुरू हो गया है। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अजय सिंह और बीडीओ नंदलाल कुमार ने सोमवार को ई–रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर गांवों के लिए रवाना किया। इस योजना के तहत शाहगंज ब्लाक में पांच हजार से अधिक की आबादी वाले नौ गांव चयनित किए गए हैं। जिसमें अरगुपुर, बड़ागांव, सुरिस, ताखा पश्चिम, भादी, नटौली, सबरहद,जमदहां, मानीकला गांव में डोर टू डोर कूड़ा उठान ई–रिक्शा से किया जाएगा। इसके लिए कूड़ा वाहन मुहैया करा दिया गया है। खंड विकास अधिकारी नंदलाल कुमार ने कहा कि विशेष स्वच्छता अभियान के तहत डोर टू डोर कूड़ा उठान के लिए यह वाहन काम करेगा। इन गांवों के सफाईकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। कूड़ा निस्तारण केंद्र प्रथम चक्र में पांच हजार अथवा उससे अधिक की आबादी वाली ग्राम पंचायतों में किया जा रहा है। गांव में घर–घर कूड़ा ई–रिक्शा से लादकर निस्तारण केंद्र पर ले जाया जाएगा। इस योजना से गांव स्वच्छ रहेगा। इस मौके पर एडीओ पंचायत पंचायत लक्ष्मीचंद, पंचायत सचिव अजय यादव, मीना रानी, उमेश यादव, विपिन यादव, सुजीत यादव, प्रधान संघ के अध्यक्ष प्रेमचंद यादव, रिंकू सिंह उपस्थित रहे।

## तनाव को देखते हुए मदापुर गाँव में सशस्त्र पुलिस तैनात

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोतवाली क्षेत्र के मदापुर गाँव में रविवार को खलिहान की जमीन पर बने मकान को प्रशासन द्वारा ढहवाए जाने के बाद दो पक्षों के बीच व्यापत तनाव को देखते हुए प्रशासन ने मौके पर शान्ति व्यवस्था कायम रखने के लिए चार शस्त्र पुलिस के जवानों की तैनाती की है! कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक हरिनारायण पटेल ने बताया है कि पुलिस चौकी घनश्यामपुर के प्रभारी भ्रमणशील हैं! गौरतलब है कि गांव के विनोद सिंह, प्रमोद सिंह, संतोष सिंह महेंद्र सिंह , सुरेन्द्र सिंह ने खलिहान खाते की जमीन पर पक्के मकान का निर्माण कराया है! जिसको लेकर गांव के ही शिव प्रसाद सिंह ने उच्च न्यायालय में परिवाद दाखिल किया था ! उच्च नयायालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार बदलापुर को कार्यवाही कर अवगत कराने का निर्देश दिया था ! तहसील प्रशासन ने बुल्डोजर लगा कर खलिहान की जमीन पर बने पक्का मकान को ढहवा दिया है! मकान ढहवाए जाने के बाद से मकान मालिक तथा शिकायत कर्ता के बीच तनाव की स्थिति को देखते हुए मौके पर फोर्स लगायी गयी है!

## जल्द होगी प्रत्याशी की घोषणा– प्रभारी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी सरकार में गुंडा माफिया की जगह जेल में है।माफिया और गुंडों के अवैध संपत्तियों पर योगी सरकार का बुलडोजर चला है। उक्त बातें प्रतापगढ़ रोड स्थित एक बैंकट हॉल में नगर निकाय चुनाव के प्रभारी हौसला प्रसाद पाठक ने पत्रकार वार्ता के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच कहीं।उन्होंने कहा कि योगी सरकार ने कानून व्यवस्था को सुधार दिया है।मोदी और योगी सरकार ने विकास को प्राथमिकता दी है।अधिसूचना जारी होने के बाद जल्दी प्रत्याशी की घोषणा कर दी जाएगी।उन्होंने कहा कि नगर में भारतीय जनता पार्टी के चेयरमैन का दबदबा कई वर्षों से रहा है। इस बार भी भाजपा का चेयरमैन नगर मे होगा।बताया कि आलोक कुमार गुप्ता,चेयरमैन शिवगोविंद साहू,लव कुश मोदनवाल, राजीव गुप्ता, राजीव केसरी,उमाशंकर गुप्ता, कपिल मुनि गुप्त व शिव कुमार गुप्ता ने भाजपा से आवेदन किया है।अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता तथा संचालन निकाय चुनाव संयोजक संतोष सिंह ने किया।इस अवसर पर मंडल प्रभारी संतोष मिश्रा, चेयरमैन शिव गोविंद साहू आलोक कुमार गुप्ता, रंजीत गुप्ता, उमाशंकर गुप्ता, लव कुश मोदनवाल, नीलम गुप्ता, राजीव गुप्ता, शिवकुमार व जगदीश साहू आदि लोग मौजूद रहे।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।